# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के कई हिस्सों में आज शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा रंगों का त्योहार, कल भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी होली।**
2. **होली और रमजान को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम, संवेदनशील इलाकों में बरती जा रही विशेष चौकसी, हुड़दंगियों और सोशल मीडिया पर रखी जा रही कड़ी नजर।**
3. **केंद्र सरकार ने राशन कार्डधारियों को दी राहत, राशन कार्ड का ई–केवाईसी की तारीख 31 मई तक बढ़ी, झारखंड के 61 लाख राशन कार्डधारियों को होगा फायदा।**
4. **जमशेदपुर के बागबेड़ा बाजार में लगी आग, बीस से ज्यादा दुकानें जली, लाखों रुपए का नुकसान, अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक हीट वेव चलने का जारी किया अलर्ट, 19 मार्च को बारिा होने का जताया पूर्वानुमान।**

*******************

राज्य के कई हिस्सों में आज शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया जा रहा है। लोगों ने दिन में जहां एक–दूसरे को रंग लगाकर रंगों के त्योहार की बधाई दी, वहीं शाम में अबीर–गुलाल लगाकर आपस में खुशियों को बांट रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।

दुमका जिला के बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर प्रांगण में आज होली उत्सव मनाया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्दालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर प्रांगण में होली मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में भी आज आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ लोगों ने होली का त्योहार मनाया जा रहा है। जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने जिले वासियों को होली की शुभकामना देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का आग्रह किया। वहीं, जामताड़ा जिला मुख्यालय सहित कई प्रखंडों में आज लोगों ने रंगों के त्योहार को मनाया। अनुमंडल कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारी और आम लोग शामिल हुए. अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी को होली की बधाई दी।

वहीं, खूंटी समेत प्रदेश के कई इलाकों में कल रंगों का त्योहार मनाया जाएगा। जबकि रांची में बहावलपुरी पंजाबी समाज की ओर से 16 मार्च को होली मिलन का आयोजन किया जाएगा।

*******************

राज्यभर में होली और रमजान को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी जिलों में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात हैं। संवेदशनशील इलाकों में पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। इसके साथ किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए रैफ के जवान और टीयर गैस यूनिट की भी तैनाती की गई है। वहीं, सोशल मीडिया की भी विशेष मॉनिटरिंग रही है। बोकारो के पुलिस अधीक्षक ने बताया होली में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

धनबाद जिले में भी प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों ने होली खेली और जिला वासियों को रंगों के त्योहार की बधाई दी। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन ने लोगों से आग्रह किया कि सभी की भावनाओं का ख्याल रखते हुए इस त्योहार को मनाएं।

पाकुड़ जिले में भी दो दिनों तक होली मनाया जाएगा। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने लोगों से शांति और सौहाद्र वातावरण में होली मनाने का आग्रह किया है।

*******************

होली के त्योहार को लेकर रिम्स, रांची में आज और कल सभी विभागों की ओपीडी सेवाऐं बंद रहेगी, जबकि इमरजेंसी में सामान्य दिनों की तरह मरीजों का इलाज जारी रहेगा। दूसरी तरफ कल राज्य की सभी शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी कर दिया गया है।

*******************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने **विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स** 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 1 से 4 मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा।

*******************

केंद्र सरकार ने राशन कार्डधारियों को बड़ी राहत दी है। अब राशन कार्डधारी इकतीस मई तक राशन कार्ड का ई–केवाईसी करा सकेंगे। केंद्र के इस निर्णय से झारखंड के लगभग 61 लाख राशन कार्डधारियों को फायदा होगा।

*******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है, जिसका प्रकाशन आकाशवाणी के वेबसाईट–www.newsonair.gov.in के Vacancis सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के X हैंडल @airnews_ranchi पर प्रकाशित किया गया है।

योग्य उम्मीदवार संबंधित वेबसाईट से आवेदन–प्रपत्र डाउनलोड कर 26 मार्च 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से आवेदन–पत्र भेज सकते हैं।

*******************

दुमका जिले में मसलिया–रानेस्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के इस वर्ष तक पूरा हो जाने की उम्मीद है.

*******************

जमशेदपुर के बागबेड़ा बाजार में आज दोपहर अगलगी में लगभग बीस दुकानें जल गई। हालांकि, आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन, लाखों रुपये के सामान जल गए।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में 17 मार्च तक हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि 19 और 20 मार्च को कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

*******समाप्त********